मेरे श्याम धणी की मोरछड़ी

हीरे जवाहरात मोती जड़ी,
मेरे श्याम धणी की मोरछड़ी,
करे करामात ये तो बड़ी,
मेरे श्याम धणी की मोरछड़ी.....

खाटू धणी की लाड़ली दुलारी,
मोरपंख से श्याम ने सँवारी,
रहे चरणों में हर दम खड़ी,
मेरे श्याम धणी की मोरछड़ी.....

मोरछड़ी का लग जाए झाड़ा,
बुरी नज़र को मार पछाड़ा,
टाल दे विपदा की हर घड़ी,
मेरे श्याम धणी की मोरछड़ी.....

मोरछड़ी जिसको भी छू ले,
कष्ट कलेश सभी वो भूले,
सारी दुविधाएं उसकी झड़ी,
मेरे श्याम धणी की मोरछड़ी......

मोरछड़ी बबलू को प्यारी,
पूरी करे जो बात विचारी,
करने रक्षा सरल की खड़ी,
मेरे श्याम धणी की मोरछड़ी......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30694/title/mere-shyam-dhani-ki-morchadi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |